सत्यमेव जयते

फाइल सं0 6/5/एनसीएससी/2011-समन्वय प्रको-ठ

भारत सरकार

**<u>रा-ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग</u>**

पांचवीं मंजिल, लोकनायक भवन
खान मार्किट, नई दिल्ली-110003
दिनांक 22 फरवरी, 2011

**वि-ायः राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की नौवीं बैठक का कार्यवृत्त ।**

रा-ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की **दिनांक 14-02-2011 को** 12.30 **बजे अपराह्न** आयोजित नौवीं बैठक के अनुमोदित कार्यवृत्त की प्रति सूचनार्थ अग्रेषित की जाती है ।

**(एस.एन. मीणा)**
**भारत सरकार के अवर सचिव**

1. डॉ. पी.एल. पुनिया, अध्यक्ष
2. श्री राज कुमार वेरका, उपाध्यक्ष
3. श्री एम. शिवाना, सदस्य
4. श्री राजू परमार, सदस्य
5. श्रीमती लता प्रियाकुमार, सदस्य

संयुक्त सचिव के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव

**निम्नलिखित अधिकारियों को कार्यवृत्त की प्रति इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जाती है कि वे बैठक में लिए गए निर्णयों पर <u>3 दिन के भीतर</u> कार्रवाई करें :-**

1. डॉ. वी.के. राठी, निदेशक (प्रशा.)
2. श्री ध्रुव कुमार, निदेशक(ईएसडीडब्ल्यू)
3. श्री एस. केसवा अय्यर, उप सचिव (एसएसडब्ल्यू)

**(एस.एन. मीणा)**
**भारत सरकार के अवर सचिव**

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की नौवीं बैठक का कार्यवृत्त

रा-ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की नौवीं बैठक डॉ. पी.एल. पुनिया, अध्यक्ष की अध्यक्षता में **दिनांक 14-02-2011 को** 12.30 **बजे अपराह्न** आयोग के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई थी । प्रतिभागियों की सूची **अनुबंध–I** पर है ।

आयोग ने निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया:-

**कार्यसूची की मद संख्या 1: आयोग की दिनांक 10–01–2011 को आयोजित छठी बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कारवाई ।**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की दिनांक 10-01-2011 को आयोजित छठी बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई को आयोग द्वारा नोट और अनुमोदित किया गया ।

**कार्यसूची की मद संख्या 2: आयोग की दिनांक 24–01–2011 को आयोजित सातवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

आयोग द्वारा दिनांक 24-01-2011 को आयोजित सातवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई ।

**कार्यसूची की मद संख्या 3: आयोग की दिनांक 24–01–2011 को आयोजित सातवीं बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कारवाई ।**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की दिनांक 24-01-2011 को आयोजित सातवीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई को आयोग द्वारा नोट और अनुमोदित किया गया ।

**कार्यसूची की मद संख्या 4: आयोग की दिनांक 31–01–2011 को आयोजित आठवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि ।**

आयोग द्वारा दिनांक 31-01-2011 को आयोजित आठवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई ।

**कार्यसूची की मद संख्या 5: आयोग की दिनांक 31-01-2011 को आयोजित आठवीं बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कार्रवाई ।**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की दिनांक 31-01-2011 को आयोजित आठवीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई को आयोग द्वारा नोट और अनुमोदित किया गया ।

**कार्यसूची की मद संख्या 6: अनुसूचित जातियों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए गैर-सरकारी संगठनों को सहायता अनुदान जारी करने के लिए निरीक्षण करना ।**

इस कार्यसूची की मद पर आयोग की दिनांक 14-02-2011 को आयोजित नौवीं बैठक में विचार-विमर्श नहीं किया जा सका । अतः इस मद पर आयोग की दिनांक 28-02-2011 को होने वाली प्रस्तावित अगली बैठक में विचार-विमर्श के लिए स्थगित किया गया है ।

**कार्यसूची की मद संख्या 7: अनुसूचित जातियों के रूप में ईसाई और इस्लाम में धर्म परिवर्तन करने पर अनुसूचित जातियों के लिए विनिर्देशन के बारे में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की 18-09-2007, 18-12-2007 और 24-12-2010 को आयोजित क्रमशः 5वीं, 7वीं और 28वीं बैठकों में लिए गए निर्णयों के संबंध में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से प्राप्त संदर्भ ।**

अनुसूचित जाति की सूची में दलित ईसाइयों और दलित मुस्लिमों को सम्मिलित करने के मामले पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया था । आयोग ने विचार-विमर्श के बाद इस मुद्दे पर यह निर्णय लिया कि निम्नलिखित 2 मानदण्डों पर इसका परीक्षण किया जाना चाहिए:-

(i) क्या दलित ईसाई और दलित मुस्लिम धर्म परिवर्तन के बाद उन्हीं रीति-रिवाजों और परम्पराओं को मान रहे हैं जो अनुसूचित जाति के रूप में धर्म परिवर्तन से पहले मानते थे ?

(ii) क्या वे पहले की तरह ईसाई अथवा इस्लाम धर्म में धर्मान्तरण के बाद भी उन्हीं सामाजिक अशक्तताओं जैसे कि छूआछूत, भेदभाव आदि के शिकार हो रहे हैं ?

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा इस मुद्दे पर कोई अध्ययन नहीं किया गया है । स्वतंत्र अध्ययन में कुछ समय लगेगा । चूंकि मामले को तुरन्त सूचित किया जाना है, अतः यदि वे उपर्युक्त 2 मानकों को पूरा करते हैं तो आयोग अनुसूचित जाति वर्ग में दलित ईसाई और दलित मुस्लिम को सम्मिलित करने की सिफारिश करता है ।

तदनुसार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय को सूचित कर दिया जाए । इस पत्र की प्रति विधि एवं न्याय मंत्रालय को भी दे दी जाए । आयोग ने यह निर्णय भी लिया कि सरकारी अधिवक्ता द्वारा भारत के उच्चतम न्यायालय में आयोग के विचारों को प्रस्तुत किया जाए ।

**कार्यसूची की मद संख्या 8: केन्द्रीय विश्वविद्यालयों और राज्य विश्वविद्यालयों में पी.एच.डी. शोध और लेक्चररशिप की पात्रता शर्तों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को छूट देना – श्री प्रदीप वर्मा, एडवोकेट–36, त्रिभूरान, उपाध्याय हॉल, हाई कोर्ट, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश**

इस कार्यसूची की मद पर आयोग की दिनांक 14-02-2011 को आयोजित नौवीं बैठक में विचार-विमर्श नहीं किया जा सका । अतः इस मद को आयोग की दिनांक 28-02-2011 को होने वाली प्रस्तावित अगली बैठक में विचार-विमर्श के लिए स्थगित किया जाता है ।

अन्त में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्त हुई ।

**अनुबंध -I**

**रा-ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की दिनांक 14-02-2011 को अपराह्न 12.30 बजे आयोग के सम्मेलन कक्ष में आयोजित नौवीं बैठक ।**

**<u>उपस्थित सदस्य एवं अधिकारी</u>**

***क्र.सं.*** ***नाम एवं पदनाम***

1. डॉ. पी.एल. पुनिया, अध्यक्ष
2. श्री राज कुमार वेरका, उपाध्यक्ष
3. श्री राजू परमार, सदस्य
4. श्री एम. शिवाना, सदस्य
5. श्रीमती लता प्रियाकुमार, सदस्य

**<u>अधिकारी</u>**

1. श्री टी. तीथन, संयुक्त सचिव
2. डॉ. वी.के. राठी, निदेशक
3. श्री ध्रुव कुमार, निदेशक
4. श्री एस.एन. मीणा, अवर सचिव